# आगरा-बॉम्बे रोड अब अटल बिहारी बाजपेई (एबी) रोड

- पूरे आगरा बॉम्बे रोड को अटल बिहारी मार्ग करने की मांग भी - महापौर
- एमआईसी की विशेष बैठक संपन्न



नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम एमआईसी की विशेष बैठक में आगरा बॉम्बे रोड का नाम बदलकर अटलजी के नाम से कर दिया गया है, लेकिन रहेगा अब रोड ही. इसकी वजह यह है कि आगरा बॉम्बे और अटल बिहारी में एबी ही आ रहा है.**

नगर निगम महापौर सभा कक्ष में आज अवकाश के दिन एमआईसी की विशेष बैठक हुई। बैठक में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई की आज जयंती के अवसर पर नगर निगम ने आगरा बॉम्बे रोड को अटल बिहारी रोड करने का निर्णय लिया है. देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी द्वारा देश भर में मार्गो को मुख्य मार्गो से जोड़ने का विशेष कार्य किया है. उनके योगदान को देखते हुए नगर निगम मेयर इन काउंसिल कि बैठक में एबी रोड (नगर निगम सीमा अंतर्गत) का नामकरण अटल बिहारी मार्ग करने की स्वीकृति दी गई है.

बैठक में महापौर भार्गव एवं सभी एमआईसी सदस्यों द्वारा संपूर्ण आगरा मुंबई रोड का नाम भी अटल बिहारी वाजपेई मार्ग करने हेतु मध्य प्रदेश शासन और भारत सरकार की ओर अनुशंसा एवं मांग पत्र भेजने का निर्णय लिया गया. बैठक में महापौर परिषद सदस्य राजेंद्र राठौर, निरंजन सिंह चौहान, अश्विनी शुक्ल, राजेश उदावत, नंदकिशोर पहाड़िया, अभिषेक शर्मा, राकेश जैन, मनीष शर्मा उपस्थित थे.

# आयुक्त ने शहर में निर्माणाधीन सड़कों का किया निरीक्षण

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** नगर निगम द्वारा शहर में मास्टर प्लान के साथ कई सड़को का निर्माण किया जा रहा है. आज निगम आयुक्त ने शहर में निर्माणाधीन सड़कों का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अधिकारियों को सड़क की गुणवत्ता, लेवलिंग, सुरक्षा मानकों और समय सीमा का ध्यान रखने के निर्देश दिए.



आयुक्त दिलीप कुमार यादव ने आज सुबह शहर में मालवीय नगर गली नंबर.2 में निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया गया. उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा पूर्व में इस मार्ग के चौड़ीकरण के उद्देश्य से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी. फिलहाल सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है. इसके बाद आयुक्त यादव ने मास्टर प्लान की खजराना से जमजम चौराहा, जमजम चौराहा से स्टार चौराहा तथा स्टार चौराहे से एडवांस एकेडमी तक निर्माणाधीन सड़क का भी निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने निर्माण कार्यों की प्रगति, उपयोग में लाई जा रही सामग्री की गुणवत्ता तथा यातायात को लेकर अधिकारियों से जानकारी ली. आयुक्त यादव ने अधिकारियों से कहा कि सड़क निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही, गुणवत्ता मानकों ध्यान रखने तथा समय-सीमा में कार्य पूरा करने का लक्ष्य तय करने निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने निर्माण कार्यों के दौरान सुरक्षा मानकों का विशेष पालन करने के आदेश भी दिए. निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, अधीक्षण यंत्री नरेश जायसवाल, उप यंत्री पराग अग्रवाल सहित जनकार्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे.

## एक नजर में

### हिंदी साहित्य में जितेंद्र गुप्त को डॉक्टरेट की उपाधि



**इंदौर .** शहर के साहित्यकार एवं संवेदनशील लघुकथाकार जितेंद्र कुमार गुप्ता को हिंदी साहित्य के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय, सतत एवं रचनात्मक योगदान के लिए मैजिक एंड आर्ट यूनिवर्सिटी, दिल्ली द्वारा आयोजित एक गरिमामय एवं भव्य समारोह में डॉक्टरेट की मानद उपाधि से अलंकृत किया गया . यह सम्मान उनके वर्षों के साहित्यिक साधना, रचनात्मक प्रतिबद्धता एवं भाषा के प्रति उनके समर्पण का सजीव प्रमाण है . श्री गुप्ता शहर की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था क्षितिज साहित्यिक संस्था से लंबे समय से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं और संस्था के साहित्यिक उद्देश्यों को सशक्त बनाने में उनकी भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है . उन्होंने विशेष रूप से लघुकथा विधा में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है . उनकी लघुकथाएँ सामाजिक यथार्थ, मानवीय संवेदनाओं और समकालीन जीवन की विडंबनाओं को अत्यंत सशक्त, संक्षिप्त एवं प्रभावी ढंग से अभिव्यक्त करती हैं . पिछले कई वर्षों से निरंतर सृजनशील रहते हुए श्री गुप्ता ने साहित्य के माध्यम से समाज को सोचने, आत्ममंथन करने और मानवीय मूल्यों से जुड़ने की प्रेरणा दी है . उनकी रचनाएँ विभिन्न साहित्यिक मंचों एवं पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होकर पाठकों एवं समीक्षकों द्वारा समान रूप से सराही गई हैं .

### कवि, गीतकार आलोक श्रीवास्तव का सम्मान



**इंदौर .** प्रख्यात गीतकार कवि आलोक श्रीवास्तव के इंदौर आगमन पर चित्रांश कायस्थ समाज वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने उनका विश्व प्रसिद्ध श्री चित्रगुप्त चौराहे पर स्वागत किया . अवलोकन के अवसर पर आलोक श्रीवास्तव जी ने चौराहे की भूरी भूरी प्रशंसा की और इसे कायस्थ समाज का गौरव बताया . इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीना सक्सेना, कार्य, महासचिव रत्नेश श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष प्रदीप भटनागर, सुरेश अजनबी, सुरेश सक्सेना, सुरेंद्र सक्सेना, सुभाष सक्सेना, संजय निर्गुण ,डॉ डीके श्रीवास्तव, वंदना श्रीवास्तव, सुनीता भटनागर, और उषा श्रीवास्तव, विशेष रूप से उपस्थित थी .

### पांच रचनाकारों को इस वर्ष का डॉ . तिवारी स्मृति सम्मान

**इंदौर .** वरिष्ठ शिक्षक और लेखक डॉ . एस .एन . तिवारी की स्मृति में प्रति वर्ष दिया जाने वाला साहित्य सम्मान इस वर्ष (2025) पांच रचनाकारों को प्रदान किया जाएगा . डॉ . तिवारी स्मृति समिति की संरक्षक सुषमा दुबे और संयोजक मुकेश तिवारी ने बताया कि वरिष्ठ साहित्यकार सूर्यकांत नागर, वरिष्ठ आशु कवि प्रदीप नवीन, वरिष्ठ लेखिका अमिता मराठे, वरिष्ठ लघुकथाकार भुवनेश दशोत्तर और युवा व्यंग्यकार सारिका गुप्ता को यह सम्मान प्रदान करने का निर्णय लिया गया है . विचार प्रवाह साहित्य मंच के सहयोग से आयोजित होने वाले इस सम्मान समारोह का यह 8वां वर्ष है . मंच की महासचिव अर्चना मंडलोई और सचिव माधुरी व्यास ने बताया कि 27 दिसंबर को शाम 4 बजे इंदौर प्रेस क्लब के राजेंद्र माथुर सभागृह में आयोजित समारोह में पांचों रचनाकारों को सम्मान प्रदान किया जाएगा .

### स्पंदन कल्चरल ग्रुप ने दी गीतों की प्रस्तुति



**इंदौर .** स्पन्दन कल्चरल ग्रुप द्वारा डॉक्टर्स के लिए संगीत की प्रस्तुति दी गई . अवसर था वर्मा यूनियन हॉस्पिटल में बच्चों के नए आय .सी .यू . के औपचारिक शुभारंभ का . मौज-मस्ती, सुहावना मौसम, प्यार मोहब्बत, चांद सितारे परवानों पर आधारित 24 गानों की माला को सुधि श्रोताओं के लिए प्रस्तुत किया गया . युगल गीत जाने मान जाने मान तेरे दो नयन, क्या खूब लगती हो डॉ प्रशांत डॉ पूनम नेवालकर, हाल कैसा है जनाब का डॉ जितेंद्र बंसल, डॉ मून जैन, कजरा मोहब्बत वाला अंखियों में ऐसा डाला डॉ मून जैन, डॉ रुचि शाह जैसे युगल गीत हुए तो डॉ सुनंदा देवले ने आगे भी जाने ना तु, आइए मेहरबान, डॉ मनोज भटनागर ने ये शाम मस्तानी, प्यार दीवाना होता है, डॉ संजय भटनागर तुम अगर साथ देने का, दिल करता ओ यारा दिलदार, डॉ संजय लौंढे तुमसे अच्छा कौन है, डॉ मून जैन गली में आज चांद निकला, जाने जा ओ मेरी जाने जा, डॉ रुचि शाह ओ मेरे सोना रे सोना रे, पिया तुम अब तो आजा, डॉ जितेंद्र बंसल साँसों की जरूरत है जैसे, डा पूनम नेवालकर तेरे चेहरे से, जैसे गीत को भी संजोये गये . कार्यक्रम का संचालन डॉ संजय लौंढे ने किया . स्वागत डॉ . रचना वर्मा, अश्विनी वर्मा ने किया .

### ओला इलेक्ट्रिक ने लॉन्च किए हाइपर सर्विस सेंटर्स

**इंदौर .** ओला ने अपनी हाइपरसर्विस पहल को आगे बढ़ाते हुए, डेडिकेटेड हाइपरसर्विस सेंटर्स की शुरुआत की है . इन सेंटर्स के माध्यम से योग्य ग्राहकों को एक ही दिन में, यानि उसी दिन सर्विस की गारंटी दी जाएगी, वह भी बिना किसी अतिरिक्त खर्च के . इस पहल के तहत ओला अपने मौजूदा सर्विस सेंटर्स को धीरे-धीरे हाइपरसर्विस सेंटर्स में बदलेगा, जिसकी शुरुआत बेंगलुरु से हुई है . पहला हाइपरसर्विस सेंटर अब बेंगलुरु के इंदिरानगर में शुरू हो चुका है . हाइपरसर्विस सेंटर का उद्देश्य व्हीकल की सर्विस को आसान और तेज़ बनाना है . अब ग्राहक अपने व्हीकल की सर्विस एक ही दिन में करवा सकते हैं, वह भी बिना कोई अतिरिक्त पैसा दिए . पूरी सर्विस प्रक्रिया डिजिटल होगी, जिससे ग्राहकों को हर कदम पर स्पष्ट जानकारी और पारदर्शिता मिलेगी . ओला इलेक्ट्रिक के प्रवक्ता ने कहा चल रहे सर्विस अपग्रेड के तहत हम सर्विस के पूरे अनुभव पर नए सिरे से विचार कर रहे हैं . ओला व्हीकल का मालिकाना अनुभव सिर्फ गाड़ी तक सीमित नहीं है, सर्विस भी उसका अहम् हिस्सा है और इसमें भी उतना ही इनोवेशन होना चाहिए, जितना प्रोडक्ट में होता है .

# फिर धार्मिक जुलूस के कारण शहर में यातायात का बना कचूमर

**इंदौर. आज फिर शहर में एक धार्मिक जुलूस के कारण यातायात का कचूमर निकल गया. शहर के मध्य क्षेत्र में ऐसी कोई सड़क नहीं थी, जहां पर वाहन गुत्थम गुत्था नहीं हो रहे हो. खास बात यह है कि किसी भी जगह यातायात पुलिस व्यवस्था संभालते नजर नहीं आई. इस वजह से वाहन चालक परेशान होते रहे.**



आज सिख समाज ने गुरुगोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर नगर कीर्तन निकाला. उक्त नगर कीर्तन के कारण कलेक्टर चौराहे से रामबाग के मध्य स्थित शहर की अधिकांश सड़कों पर यातायात जाम हो गया. यातायात जाम की स्थिति का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि शहर कर तीनों मुख्य मार्ग एमजी रोड, जवाहर मार्ग और सुभाष मार्ग पर दो-दो किलोमीटर लंबा जाम लगा हुआ था. उक्त तीनों मार्गो की प्रमुख सड़कें नंदलालपुरा, वीर सावरकर मार्केट, इमली बाजार, खजुरी बाजार, आड़ा बाजार, राजबाड़ा की सभा गालियां, सराफा, पीपली बाजार, सदर बाजार, रानीपुरा , दौलतगंज, छोगालाल उस्ताद मार्ग, सियागंज, संजय सेतु, नगर निगम रोड पर वाहनों की कतारे लगी हुई थी. उक्त सभी सड़कों पर आलम यह था कि पैदल चलना भी मुश्किल नजर आ रहा था. दो पहिया और चार पहिया वाहनों के चालक हॉर्न पर हॉर्न बजा कर ध्वनि प्रदूषण भी कर रहे थे. यातायात जाम को खोलने की सारी कोशिश उक्त क्षेत्र में नजर ही नहीं आ रही थी.

## तीन घंटे से ज्यादा रहा जाम

शहर में यातायात जाम वाली स्थिति का सामना जनता ने करीब तीन घंटे से ज्यादा किया, मगर समस्या का निदान करने कोई वरिष्ठ अधिकारी मैदान में दिखाई नहीं दिया . कहने का तात्पर्य यह है कि जनता परेशान होती रही, नगर कीर्तन निकालने वाले निकालते रहे . यातायात विभाग और पुलिस जुलूस के इंतजाम में लगा रहा . जनता वाहनों के धुंए और ध्वनि प्रदूषण के बीच दुखी होती रही .

# आर्थिक अनियमितता के मामले में उपयंत्री निलंबित

**इंदौर.** नगर निगम वार्ड में मनमर्जी से ड्रेनेज लाइन डालने का काम करने पर आयुक्त ने उपयंत्री को निलंबित कर दिया. उपयंत्री को आर्थिक अनियमितता और कार्य में लापरवाही का दोषी पाया गया है.

नगर निगम वार्ड-82 सुदामा नगर में अमृत-2.0 योजना में कार्य प्रस्तावित है. उक्त योजना की जानकारी होने के बाद प्रभारी उपयंत्री यशवीर सिंह यादव ने ड्रेनेज लाईन कार्य बिना वरिष्ठ अधिकारी के जानकारी में लाए मनमर्जी से काम कराने कृत्य किया. मामला सामने आने के बाद अलग कृत्य को आयुक्त ने अनुशासनहीनता एवं आर्थिक अनियमितता माना है. उक्त कार्य को स्वैच्छिक कार्य प्रणाली को दर्शाने एवं लापरवाही करने का दोषी करार दिया. आयुक्त दिलीप कुमार यादव ने हवा बंगला झोन के प्रभारी उपयंत्री यशवीर सिंह यादव को निलंबित कर दिया. साथ ही विभागीय जांच करने के आदेश दिए.

# बिहू, बसंत रास से रोशन मंच, बांसुरी से सुनाया राग

- लाल बाग पर उत्तर पूर्व भारत की लोक संस्कृति
- 200 से अधिक कलाकारों ने दी प्रस्तुतियां

**इंदौर. उत्तर पूर्व के जब छह राज्यों लोक कलाकार अपने-अपने प्रदेश की खूबसूरत परिधान पहन कर लाल बाग पर जब मंच पर आए तो ऐसा लगा कि संपूर्ण भारत की लोक संस्कृति की अद्भुत छटा निखरकर मंच पर आ गई हो. आज ईशान्य सांस्कृतिक महोत्सव जो कि दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र नागपुर एवं लोक संस्कृति मंच इंदौर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हो रहा है में खूबसूरत लोक नृत्य, बांसुरी वादन ,गायन एवं बैंड की प्रस्तुति देखने को मिली.**



खूबसूरत असम के परिधान पहने सर पर कलंगी लगाएं बिहू नृत्य करते असम के युवक युवतियों और चुटकुले रंगों से सजी मणिपुर के कलाकार द्वारा प्रस्तुत रास नृत्य भगवान कृष्ण द्वारा वन में बांसुरी बजाकर गोपियों के साथ रास करने के नृत्य को दर्शाया गया. जहां बिहू ने प्रकृति सौंदर्य कोई यौवन के द्वारा दर्शाया तो वहीं दिलीप हीरा का बांसुरी वादन सबको मंत्र मुग्ध कर गया. 30 मिनट की लयात्मक प्रस्तुति बड़े-बड़े ढोल सुंदर बंबू के का उपयोग उसके अंदर बास चलाते हुए लड़कियों का बंबू नृत्य एवं पिरामिड बनाना सर पर बोतल रखना हाथ में चकरी चलाना रक्षात्मक रूप से तलवार चलाना आक्रमण करना जैसे खूबसूरत नृत्य से सजा यह कार्यक्रम एक अद्भुत दृश्य प्रस्तुत कर रहा था. गायन एवं वादन की प्रस्तुति भी खास मन मोह रही थी. इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं विधायक मालिनी गौड की उपस्थिति में हुआ. अतिथि स्वागत लोक संस्कृति मंच के सचिव दीपक लवंगड़े विशाल गिद्वानी स्वाती लवंगडे ,सतीश शर्मा, संकल्प वर्मा ने किया. इस अवसर पर नागपुर केंद्र की उपनिदेशक मिथिला तलवानेकर भी उपस्थित रही. शिल्प मेला भी अपने पूरे शबाब पर है.



## आठ राज्यों के दो सौ कलाकार

नागपुर मध्यवर्ती क्षेत्र की निदेशक आस्था कर्लेकर, प्रशन्ना गोगोई एवं लोक संस्कृति मंच के संयोजक एवं सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि आज भव्य मंच पर 3 घंटे तक कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई जिसमें आठ राज्यों के 200 कलाकार शामिल हुए . 27 दिसंबर तक चलने वाले इस आयोजन में असम का बिहू, दसोरी दलाई, दहल थूंगरी, सत्रिय अरुणाचल का टप्पू, रेखाम्पाडा ,जूजू जाजा, मणिपुर का बसंत रास, लाई हराओबा, चेराई जगोरी, थंगता, मेघालय का वांगला, काशाद मस्तीह, हार्वेस्ट डांस, मिजोरम का चेराओ, छेईलाम सारलामा काई, सावलकई नागालैंड का जान्टा, बटरफलाई, त्रिपुरा लैंप डांस, सांगरिन डांस देखने को मिलेंगे .



# गणेश नगर में श्रीराम कथा के लिए ध्वजा पूजन

**इंदौर.** बर्फानी धाम के पीछे स्थित गणेश नगर में माता केशरबाई रघुवंशी धर्मशाला परिसर के शिव-हनुमान मंदिर की साक्षी में 1 जनवरी से प्रारंभ होने वाली नौ दिवसीय श्रीराम कथा के लिए गुरुवार को दोपहर अभिजीत मुहूर्त में ब्रह्म ऋषि स्वामी बर्फानी दादा महाराज की प्रेरणा से उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ध्वजा पूजन एवं ध्वजा रोहण की विधि संपन्न हुई. जैसे ही आचार्य पं. हरिशंकर शर्मा ने ध्वजा रोहण किया, समूचा मंदिर परिसर प्रभु श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा. यहाँ 1 जनवरी से 9 जनवरी तक प्रख्यात मानस मर्मज्ञ पं. मनोज भार्गव के श्रीमुख से संगीतमय श्रीराम कथा का अनुष्ठान प्रतिदिन दोपहर 1 से सायं 5 बजे तक होगा. माता केशरबाई रघुवंशी धार्मिक एवं पारमार्थिक न्यास के अध्यक्ष तुलसीराम-सविता रघुवंशी एवं संयोजक रेवतसिंह रघुवंशी ने बताया कि इस अवसर पर नरेश पांडे, कमल सक्सेना, पृथ्वीराज कुमावत, राजू पांडे, हनुमान प्रसाद मिश्रा एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने स्वाध्याय महिला मंडल की इंदिरा मिश्रा के साथ पूजन में भागीदारी दर्ज कराई और ब्रह्मऋषि बर्फानी दादा महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि समर्पित की. कथा का शुभारंभ नववर्ष के पहले दिन सुबह 11.30 बजे गणेश नगर एवं आसपास के क्षेत्र में भव्य शोभायात्रा के साथ होगा.



# उत्कृष्ट कार्य कर रहे सेवा मनीषियों का सम्मान

**इंदौर.** लायंस क्लब इंदौर डायनामिक के अध्यक्ष एस.एस. उबेजा ने बताया कि क्लब में रीजन एवं जोन चेयरमैन कुंदन सोनी एवं संजय लोहिया की आधिकारिक यात्रा विशेष अतिथि डॉ. पीयूष गाँधी की उपस्तिथि में सम्पन्न हुई.. इस अवसर पर समाज में उत्कृष्ट कार्य कर रहे सेवा मनीषियों का सम्मान भी किया गया गोल्ड कॉइन सेवा ट्रस्ट के संजय अग्रवाल एवं संजय राठी को वृद्धजन सेवा हेतु, अर्चना शर्मा को अभावग्रस्त बच्चो की सेवा हेतु, डॉ. विनी झारिया को बच्चो के मानसिक विकास जागरूकता हेतु एवं श्री अरुण घोलप को यातायात जागरूकता हेतु सम्मानित किया गया. सचिव प्रदीप देशपांडे ने क्लब के वर्ष भर के सेवा कार्यो से सदन को अवगत कराया. रीजन चेयरपर्सन कुंदन सोनी ने क्लब के कार्यो की प्रशंशा की. विशेष अतिथि डॉ. पीयूष गाँधी ने अपने उदबोधन में कहा सेवा कार्य कर रहे ये सभी सेवा मनीषियों से हमें प्रेरणा लेकर सेवा कार्य करना चाहिए.. संचालन डी.पी. श्रीवास्तव ने किया. कार्यक्रम सूत्रधार थे मुकेश वर्मा. डॉ. उषा श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर एस.के. खंडेलवाल, केज़र कुदरती, डॉ. मनीष बिंदल के साथ ही शहर के गणमान्य अतिथि उपस्तिथ थे.

## एक नजर में

### सांसद खेल महोत्सव में बढ़ाया उत्साह, शंकर लालवानी के नेतृत्व में हुआ भव्य आयोजन

# प्रधानमंत्री मोदी ने दिव्यांग खिलाड़ियों को दिया प्रेरणादायी संदेश

**इंदौर.** सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत आयोजित मुख्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित किया और दिव्यांग खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया. प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों की मेहनत, आत्मविश्वास और जज़्बे की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे खिलाड़ी देश के लिए प्रेरणा हैं.



इंदौर में आयोजित इस आयोजन का नेतृत्व सांसद शंकर लालवानी ने किया. सांसद खेल महोत्सव2025 के माध्यम से खेल, स्वास्थ्य, युवा भागीदारी और सामाजिक समावेशन का संदेश एक साथ सामने आया. इस वर्ष हजारों खिलाड़ियों ने पंजीयन कर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया. खेल महोत्सव की सबसे अहम विशेषता दिव्यांग खिलाड़ियों की बड़ी भागीदारी रही. करीब एक हजार से अधिक दिव्यांग खिलाड़ी इस आयोजन का हिस्सा बने. कार्यक्रम में दिव्यांग खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के संयुक्त निदेशक पवन चौहान, जिला शिक्षा अधिकारी शांता स्वामी, मेरा युवा भारत के जिला युवा अधिकारी पंकज गोस्वामी, वैष्णव इंस्टीट्यूट के प्राचार्य डॉ सीमा पेठनकर, जिला खेल अधिकारी रीना चौहान, कार्यक्रम संचालक सुनैना शर्मा और सांसद खेल महोत्सव के समन्वयक कपिल जैन सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे.

## वैष्णव महाविद्यालय में हुआ मुख्य आयोजन

मुख्य कार्यक्रम वैष्णव महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में तक आयोजित किया गया . दिव्यांग खिलाड़ियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आयोजन स्थल का चयन किया गया . कार्यक्रम की शुरुआत सांसद शंकर लालवानी ने दीप प्रज्वलन कर की . अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि यह युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और आगे बढ़ने की सोच पैदा करता है . उन्होंने फिट इंडिया और खेलो इंडिया जैसी पहलों का भी उल्लेख किया .